
हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 29 जुलाई 2026

11 अटेली कस्बे में 6701 मतदाताओं में 1506 अनुपस्थित...



12 दो साल से जर्जर बहरोड़ रोड रेलवे अंडरपास






### फायर सेफ्टी किट लगाने की एवज में मांगे थे 80 हजार रुपये

# बीस हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार फायरमैन को भेजा न्यायिक हिरासत

**एसीबी नारनौल की टीम ने आरोपित संदीप यादव का मंगलवार को नागरिक अस्पताल से मेडिकल कराया तथा दोपहर को इलाका मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

बाछौद के एक मेडिकल एवं अस्पताल में फॉयर सेफ्टी किट लगाने की एवज में 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किए गए फायरमैन संदीप यादव को मंगलवार अपराह्न को नारनौल कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 7 अगस्त तक के लिए न्यायिक हिरासत में जिला जेल नसीबपुर भेज दिया गया।

बता दें कि रेवाड़ी जिला के गांव जाड़रा निवासी धन्नीराम एवं महिला एमबीबीएस चिकित्सक डा. संपदा ने गांव बाछोद में साहिल मेडिकल एवं अस्पताल के नाम से एक चिकित्सा संस्था खोली हुई है, जिसके लिए इनको फॉयर सेफ्टी उपकरणों की आवश्यकता थी। इसके लिए जाडरा निवासी धन्नीराम ने गत शुक्रवार को फायर स्टेशन नारनौल से संपर्क किया, जहां उन्हें फायरमैन संदीप यादव मिला। आरोप है कि फायर सेफ्टी किट लगाने की एवज में धन्नीराम से 80 हजार रुपये मांगे तथा 20 हजार पहले एवं 60 हजार रुपये बाद में देने की बात कही। इसकी शिकायत धन्नीराम ने एसीबी नारनौल को कर दी। जिस पर राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने योजना बनाई। सोमवार को जब फायरमैन संदीप यादव को 20 हजार रुपये दे दिए गए, तब घात लगाए बैठी एसीबी रेवाड़ी की टीम ने उसे रंगे हाथों धर दबोच लिया। इसके उपरांत आरोपित संदीप यादव को एसवी एंड एसीबी थाने ले जाकर उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम 1988 की धारा 7 के तहत मुकदमा नंबर 24 दर्ज किया गया। इसी मामले में एसीबी नारनौल की टीम ने आरोपित संदीप यादव का मंगलवार को नागरिक अस्पताल से मेडिकल कराया तथा दोपहर को उसे इलाका मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया, जहां से अदालत ने आरोपित को 7 अगस्त तक के लिए न्यायिक हिरासत में नसीबपुर जेल भेज दिया गया।



नारनौल। आरोपित फायरमैन संदीप यादव।

#### शिकायतकर्ता का आरोप

शिकायतकर्ता धन्नीराम का आरोप है कि संदीप ने उससे 80 हजार रुपये मांगते हुए बताया था कि 20 हजार रुपये फायर सेफ्टी कंसल्टेंट को देने पड़ते हैं और बाकी के वह तथा उनके अफसर लेंगे। बाद में फायर एनओसी भी दी जाएगी।

#### यह बोले थाना इंचार्ज

एसीबी के नारनौल थाना इंचार्ज एवं आईओ इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन ने बताया कि रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किए गए आरोपित संदीप यादव को आज इलाका मैजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 7 अगस्त तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई की गई पूछताछ एवं जांच के आधार पर की जाएगी।

### हाईकोर्ट से जमानत खारिज, होमगार्ड अधिकारी पर गिरफ्तारी की तलवार

**नारनौल।** जिले में होमगार्ड कर्मियों से ड्यूटी और पोस्टिंग के नाम पर कथित रिश्वत वसूली के मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने होमगार्ड विभाग के अधिकारी विजयपाल सिंह की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है, जिससे उन पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि मामले की परिस्थितियों और उपलब्ध तथ्यों को देखते हुए इस स्तर पर उन्हें अग्रिम जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता।

- **ड्यूटी-पोस्टिंग के बदले रिश्वत लेने का मामला, जांच एजेंसी को आगे की कार्रवाई की खुली छूट**

इसके साथ ही संबंधित जांच एजेंसी को कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई करने की पूरी छूट मिल गई है। न्यायमूर्ति सुमित गोयल की अदालत ने गत दिवस 27 जुलाई को सुनाए आदेश में कहा कि मामले की जांच अभी जारी है और उपलब्ध रिकॉर्ड को देखते हुए अग्रिम जमानत देना उचित नहीं होगा। अदालत के इस फैसले के बाद जांच एजेंसी अब आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होगी। मामला महेंद्रगढ़ जिले में तैनात होमगार्ड कर्मचारियों से कथित रिश्वत वसूली से जुड़ा है। एफआईआर के अनुसार शिकायतकर्ता अशोक, जो स्वयं होमगार्ड कर्मचारी है, ने आरोप लगाया कि विभाग में कार्यरत राकेश महेंद्रगढ़ में ड्यूटी लगाने और बिना ब्रेक ड्यूटी जारी रखने के बदले प्रत्येक तिमाही छह हजार रुपये की रिश्वत मांगता था। शिकायत के अनुसार यह राशि सतवीर नामक कर्मचारी के माध्यम से एकत्र करवाई जाती थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब उसने रिश्वत की रकम कम करने का आग्रह किया तो उसे बताया गया कि यह पैसा विभाग के उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाता है। एफआईआर के मुताबिक नवंबर और दिसंबर 2025 के दौरान शिकायतकर्ता से कई किस्तों में राशि ली गई, जबकि जनवरी 2026 में भी शेष रकम की मांग की गई।

# आज जारी होगी स्नातक प्रथम वर्ष की दूसरी फाइनल मेरिट सूची, कल से जमा होगी फीस

- **पहले चरण में 478 विद्यार्थियों ने कराया दाखिला**
- **पीजी प्रथम वर्ष में आवेदन की अंतिम तिथि 7 अगस्त**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से स्नातक (यूजी) प्रथम वर्ष सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया लगातार आगे बढ़ रही है। प्रथम चरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब विद्यार्थियों की निगाहें दूसरी फाइनल मेरिट सूची पर टिकी हैं। विभाग के प्रवेश कार्यक्रम के अनुसार 28 जुलाई को दूसरी प्रोविजनल मेरिट सूची जारी की गई, जबकि आपत्तियों के निस्तारण और आवश्यक औपचारिकताओं के बाद 29 जुलाई को दूसरी फाइनल मेरिट सूची जारी की जाएगी। इस सूची में चयनित विद्यार्थियों को 30 जुलाई से तीन अगस्त तक ऑनलाइन प्रवेश शुल्क जमा कराकर अपना दाखिला सुनिश्चित करने का अवसर मिलेगा।

मिशन एडमिशन

कॉलेज प्रशासन के अनुसार स्नातक प्रथम मेरिट सूची में चयनित विद्यार्थियों में से सीमित संख्या में ही अभ्यर्थियों ने समय पर फीस जमा कर प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की। अब दूसरी मेरिट सूची से रिक्त सीटों पर प्रवेश होने की उम्मीद है। वहीं, स्नातकोत्तर (पीजी) प्रथम वर्ष में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया भी जारी है।

इच्छुक विद्यार्थी सात अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वहीं स्नातक के आंकड़ों पर नजर डालें तो राजकीय पीजी कॉलेज में विभिन्न संकायों की सीटों के मुकाबले बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए थे। सबसे अधिक प्रतिस्पर्धा बीसीए (बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन) में देखने को मिली, जहां 40 सीटों के लिए 296 आवेदन प्राप्त हुए, जो कुल सीटों का 740 प्रतिशत है। बीबीए की 40 सीटों के लिए 128 आवेदन (320 प्रतिशत) तथा बीएससी लाइफ साइंस की 160 सीटों के लिए 458 आवेदन (286 प्रतिशत) प्राप्त हुए। वहीं बीए की 660 सीटों के लिए 1098 आवेदन आए, जो सीटों का 166 प्रतिशत है। बीएससी फिजिकल साइंस की 400 सीटों के लिए 591 आवेदन (147 प्रतिशत) प्राप्त हुए। वहीं बीकॉम में 240 सीटों के मुकाबले 239 आवेदन आए, यानी आवेदन लगभग सीटों के बराबर रहे।



नारनौल। राजकीय पीजी कॉलेज। फोटो : हरिभूमि

#### क्या कहते हैं दाखिला नोडल अधिकारी

*राजकीय पीजी कॉलेज के दाखिला नोडल अधिकारी डॉ. सतीश सैनी ने कहा कि कि जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी फाइनल मेरिट सूची में आए, वे निर्धारित अवधि के भीतर ऑनलाइन फीस जमा करना सुनिश्चित करें। समय सीमा समाप्त होने के बाद सीटें अगले चरण की मेरिट सूची के लिए रिक्त मानी जाएंगी।*

#### राजकीय पीजी कॉलेज में एडमिशन

| कोर्स | विद्यार्थी |
|---|---|
| बीए | 200 |
| बीबीए | 19 |
| बीकॉम | 57 |
| बीसीए | 21 |
| बीएससी लाइफ साइंस | 83 |
| बीएससी फिजिकल साइंस | 113 |
| कुल | **493** |

#### पीजी कोर्स में ऑनलाइन आवेदन

| कोर्स | सीटें | आवेदन |
|---|---|---|
| एमए अंग्रेजी | 40 | 92 |
| एमए हिंदी | 40 | 91 |
| एमए इतिहास | 40 | 101 |
| एमए राजनीति विज्ञान | 40 | 151 |
| एमए संस्कृत | 40 | 12 |
| एमकॉम | 40 | 47 |
| एमएससी वनस्पति विज्ञान | 20 | 96 |
| एमएससी रसायन विज्ञान | 40 | 154 |
| एमएससी कंप्यूटर साइंस | 40 | 71 |
| एमएससी भूगोल | 40 | 133 |
| एमएससी भूविज्ञान | 30 | 32 |
| एमएससी गणित | 40 | 109 |
| एमएससी भौतिक विज्ञान | 40 | 47 |
| एमएससी प्राणी विज्ञान | 20 | 104 |
| स्नातकोत्तर डिप्लोमा कंप्यूटर एप्लीकेशंस | 40 | 29 |
| स्नातकोत्तर डिप्लोमा डिजिटल मार्केटिंग | 40 | 16 |

# बिजली संकट से नाराज ग्रामीणों ने लगाया जाम

**नारनौल।** रघुनाथपुरा गांव में कई दिनों से लगातार बिजली आपूर्ति बाधित रहने से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार सायं नारनौल-सिंघाना रोड पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि बिजली की केबल में बार-बार फॉल्ट आने के कारण पूरे क्षेत्र में नियमित बिजली नहीं मिल रही थी, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि कई दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित होने की शिकायत बिजली निगम अधिकारियों को दी जा रही थी, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। बार-बार फॉल्ट आने से बिजली कभी आती, तो कभी चली जाती, जिससे पेयजल आपूर्ति, घरेलू कामकाज और किसानों को भी दिक्कतें झेलनी पड़ रही थीं। समस्या के समाधान की मांग को लेकर मंगलवार शाम ग्रामीणों ने नारनौल-सिंघाना रोड पर जाम लगा दिया। जाम लगने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात प्रभावित हो गया। डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया। निगम कर्मचारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा। इसके बाद बिजली निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर खराब केबल को बदलने का कार्य शुरू किया। नई केबल डालने के बाद बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। अधिकारियों के आश्वासन और बिजली सप्लाई शुरू होने के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

# कुलताजपुर के निलंबित सरपंच की अपील खारिज, पद से हटाने का आदेश बरकरार

**नारनौल।** गांव कुलताजपुर के निलंबित सरपंच विक्रम सिंह यादव को गुरुग्राम मंडल आयुक्त के समक्ष दायर अपील में भी राहत नहीं मिली। आयुक्त ने उपायुक्त द्वारा सरपंच पद से हटाने के आदेश को सही ठहराते हुए अपील खारिज कर दी है।

- **गुरुग्राम मंडल आयुक्त ने उपायुक्त नारनौल के फैसले में हस्तक्षेप से किया इनकार, नौकरी और वेतन से जुड़े मामले में नहीं मिली राहत**



इसके साथ ही विक्रम सिंह को पद से हटाने की कार्रवाई यथावत रहेगी। यह मामला सरपंच पद पर रहते हुए सरकारी विभाग में नौकरी करने और वेतन प्राप्त करने के आरोपों से जुड़ा है। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि विक्रम सिंह यादव ने वर्ष 2022 में पंचायत चुनाव लड़ते समय जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नारनौल में हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के माध्यम से पंप ऑपरेटर के रूप में कार्यरत होने की जानकारी नामांकन पत्र में उजागर नहीं की। इसके अलावा सरपंच निर्वाचित होने के बाद वर्ष 2023 से 2025 के दौरान भी विभाग से वेतन लेने का आरोप लगाया गया। शिकायत मिलने के बाद प्रशासन ने मामले की जांच कराई। जांच रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन उपायुक्त महेंद्रगढ़ ने 3 दिसंबर 2025 को विक्रम सिंह को सरपंच पद से हटाने के आदेश जारी किए थे। उपायुक्त के आदेश को चुनौती देते हुए विक्रम सिंह ने गुरुग्राम मंडल आयुक्त के समक्ष अपील दायर की। उन्होंने अपने पक्ष में कहा कि पंचायत चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने से पहले 25 जुलाई 2022 को ही उन्होंने पंप ऑपरेटर के पद से इस्तीफा दे दिया था। उनका दावा था कि इसके बाद उन्होंने विभाग में कोई कार्य नहीं किया और न ही किसी प्रकार का वेतन प्राप्त किया। हालांकि अपील की सुनवाई के दौरान मंडल आयुक्त ने दोनों पक्षों की दलीलों के साथ विभागीय रिकॉर्ड और बैंक खातों से संबंधित दस्तावेजों का विस्तार से परीक्षण किया।

### 104 वोट हासिल कर जीता चुनाव, बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

# देश की इवेंट इंडस्ट्री की कमान संभालेगा दीपक चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

शहर नारनौल के लिए गर्व का पल है। प्रतिष्ठित व्यवसायी जयप्रकाश चौधरी के बेटे एवं स्वर्गीय रामनारायण चौधरी के पौत्र दीपक चौधरी को भारत की प्रमुख इवेंट इंडस्ट्री संस्था (ईईएमए) का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। हाल ही में संपन्न हुए ईईएमए चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए मैदान में उतरे सात उम्मीदवारों में दीपक चौधरी ने सर्वाधिक 104 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की और आगामी तीन वर्षों के लिए संगठन की कमान संभालने का गौरव हासिल किया।

दीपक चौधरी की प्रारंभिक शिक्षा देहरादून के प्रतिष्ठित विद्यालय से हुई। इसके बाद उन्होंने इंदौर से बीसीए और मुंबई से एमबीए की पढ़ाई पूरी की। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने इवेंट इंडस्ट्री में कदम रखा और वर्षों की मेहनत, लगन तथा दूरदर्शिता के बल पर 'ईवीए लाइव' नामक कंपनी की स्थापना की। आज वे देशभर की इवेंट एवं एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में 'आईपी मैन' के नाम से पहचान रखते हैं।



- **देशभर की इवेंट एवं इंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में आईपी मैन के नाम से दीपक चौधरी की है पहचान**

ईईएमए देश की इवेंट एवं एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का सबसे बड़ा और प्रभावशाली संगठन माना जाता है। ऐसे प्रतिष्ठित संगठन के अध्यक्ष पद पर चयनित होना न केवल दीपक चौधरी की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि नारनौल और पूरे महेंद्रगढ़ जिले के लिए भी गौरव का विषय है। अपनी जीत के बाद दीपक चौधरी ने सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, वह ईईएमए का अध्यक्ष चुने जाने पर स्वयं को सम्मानित और विनम्र महसूस कर रहे है। सभी का विश्वास उनके लिए सबसे बड़ी ताकत है। जैसा कि वह हमेशा कहते है, साथ चलेंगे, आगे बढ़ेंगे। हम मिलकर इंडस्ट्री को मजबूत करेंगे। सदस्यों को सशक्त बनाएंगे और ईईएमए को अधिक एकजुट, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार संगठन बनाएंगे। दीपक चौधरी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर नारनौल शहर में खुशी की लहर है और शहरवासियों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।





# दिवाली से पहले आएगा लव एंड वॉर का फर्स्ट लुक

**नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर इस वक्त सबसे बड़ी और सबसे ज्यादा इंतजार की जा रही फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 21 जनवरी 2027, यानी रिपब्लिक डे वीकेंड पर दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। भंसाली के शानदार स्टोरीटेलिंग स्टाइल और भव्य विजुअल्स से सजी यह फिल्म दर्शकों को बड़े पर्दे पर एक शानदार और इमोशनल अनुभव देने वाली है। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी। इसी बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। फिलहाल फर्स्ट लुक पर काम चल रहा है और उम्मीद है कि इसे दिवाली 2026 से पहले रिलीज कर दिया जाएगा।

लाइफ Style

# निहारिका

## इंटीमेट सीन के चक्कर में हाथ से गई फिल्म

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निहारिका एनएम फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' से बॉलीवुड डेब्यू करने को तैयार हैं। इस बीच उन्होंने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। कंटेंट क्रिएटर के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाली निहारिका एनएम ने साल 2023 में अमेरिकी सिटकॉम 'बिग माउथ सीजन 7' में गेस्ट वॉइस रोल के साथ अपने करियर को ग्लोबल लेवल पर पहुंचाया।

एक्टिंग सफर की शुरुआत पिछले साल तमिल फिल्म 'पेरुसु' से हुई थी। इसके बाद उन्होंने मित्रा मंडली और इधयम मुरली में भी काम किया। अब वे बॉलीवुड में डेब्यू करने की तैयारी कर रही हैं। निहारिका एनएम फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' से हिंदी फिल्मों में बोहनी कर रही हैं। वे राघव जुयाल के साथ स्क्रीन साझा करती दिखेंगी। इस बीच अभिनेत्री ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उनका कहना है कि इंटीमेसी क्लॉज की वजह से उन्हें एक फिल्म से हाथ धोने पड़े थे। वे बोल्ड सीन करने के तैयार नहीं थीं। एक घटना को याद करते हुए वे बताती हैं, 'एक फिल्म मुझे करनी थी। इसे एक बहुत बड़े डायरेक्टर बना रहे थे। उन्होंने मुझे खुद चुना था। मैंने उस रोल के लिए ऑडिशन दिया था और लुक टेस्ट भी हो गया था'। निहारिका ने आगे कहा, 'मेरे घर पर कॉन्ट्रैक्ट भेजा गया था और मैंने उस पर साइन कर दिया। उसमें इंटीमेट सीन से जुड़ी एक शर्त थी और मैंने उन्हें बता दिया था कि मैं ऑन-स्क्रीन इंटीमेसी करने में सहज नहीं हूं। वे इसके लिए तैयार थे और बॉडी डबल का इस्तेमाल करने की योजना बना रहे थे। लेकिन, एक्टर बॉडी डबल के साथ वह सीन करने के लिए तैयार नहीं थे।



## हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडर-मैन ... से किसिंग सीन हटे

**मुंबई।** फिल्म 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' 31 जुलाई को रिलीज होने जा रही है। भारत में भी फिल्म रिलीज होगी। सेंसर बोर्ड ने तीन बदलावों के निर्देश के बाद भारत में 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' की रिलीज को मंजूरी दे दी है। इन बदलावों के बावजूद फिल्म की पीटर पार्कर वाली डार्क कहानी और एक्शन सीन वैसे ही रहेंगे। बता दें कि 'स्पाइडर-मैन-ब्रांड न्यू डे' भारतीय सिनेमाघरों में इस गुरुवार को रिलीज होगी। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने इसे यूए 13+ सर्टिफिकेट के साथ रिलीज करने की मंजूरी दे दी है।



# एवेंजर्स डूम्सडे का ट्रेलर कल होगा रिलीज...

**नई दिल्ली।** एवेंजर्स डूम्सडे फिल्म का बजट 4500 करोड़ रुपए है। इसमें ऐसे 23 सुपरहीरो हैं जो दुनिया के सबसे खतरनाक विलेन से टकराने जा रहे हैं। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर विशेष रूप से 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' के साथ दिखाया जाएगा, जो 30 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ट्रेलर फिल्म के सभी भाषा संस्करणों के साथ दिखाया जाएगा, जिससे दर्शकों और इस भव्य सुपरहीरो फिल्म के प्रशंसकों को एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव मिलेगा। मार्वल स्टूडियो की 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का निर्देशन एंथनी रूसो और जो रूसो ने किया है।फिल्म का निर्माण केविन फेग, लुई डी'एस्पोसिटो और जोनाथन श्वाट्र्ज ने किया है।फिल्म में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, क्रिस इवांस, क्रिस हेम्सवर्थ, पेड्रो पास्कल, पॉल रुड, एंथनी मैकी, फ्लोरेंस प्यू, वनेसा किर्बी, एबन मॉस-बाकरैक आदि नजर आएंगे।



# मॉम-2 में खुशी निभाएंगी लीड रोल...

**मुंबई।** महान अभिनेत्री श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम'2017 में आई थी, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब करीब 9 साल बाद इसका सीक्वल बनने जा रहा है, जिसको लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। खुशी कपूर अब फिल्म 'मॉम 2' में लीड रोल निभाने जा रही हैं। यह 2017 की हिट फिल्म मॉम का सीक्वल है और इसे नवंबर 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी है। इस फिल्म को उनके पिता बोनी कपूर प्रोड्यूस कर रहे हैं, और इसकी शूटिंग नोएडा और ग्रीस में हुई है। 'मॉम 2' का कनेक्शन श्रीदेवी के उस यादगार किरदार से जुड़ा होगा, जिसने उन्हें खास पहचान दिलाई थी। 'मॉम' श्रीदेवी की आखिरी फिल्म थी, ऐसे में यह प्रोजेक्ट खुशी कपूर के लिए काफी इमोशनल और खास माना जा रहा है, क्योंकि वह अपनी मां की विरासत को आगे बढ़ाती नजर आएंगी।



# बंटवारा 1947 का ट्रेलर है दमदार

**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म 'बंटवारा 1947' में सनी देओल लीड रोल में हैं। सोमवार को इस फिल्म का ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज किया है। यह फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के ट्रेलर में 1947 के बंटवारे का समय दिखाया गया है। इसमें एक परिवार की कहानी है, जिसकी जिंदगी बंटवारे की हिंसा, डर और जबरन पलायन की वजह से बदल जाती है। जो लोग कभी साथ रहते थे, वो अब बंटवारे के कारण बिछड़ गए हैं। इसी बीच सनी ट्रेलर में एक ऐसे शख्स के किरदार में नजर आते हैं, जो किसी भी हाल में अपने जमीर से समझौता नहीं करता है। वहीं, शबाना आजमी एक बुजुर्ग महिला के रोल में हैं, जो इंसानियत पर सबका भरोसा बनाए रखती हैं। प्रीति जिंटा भी ट्रेलर में नजर आती हैं, वह बंटवारे के मुश्किल दौर का सामना मजबूती से करती नजर आती हैं।

## टीवी मसाला



# एल्विश-तेजस्वी व आरुष संभालेंगे प्लेग्राउंड सीजन-5 का कमान

**नई दिल्ली।** गेमिंग रियलिटी शो 'प्लेग्राउंड सीजन 5' अपने अब तक के सबसे बड़े और खास फॉर्मेट के साथ वापसी के लिए तैयार है, जिसमें तीन मेंटर्स का एक पैनल शामिल होगा। दो बार के चैंपियन एल्विश यादव 'केओ क्रैकेंस' की कमान संभालेंगे, जबकि तेजस्वी प्रकाश 'रेजिंग सेंटॉर्स' की मेंटर के तौर पर डेब्यू करेंगी। उनके साथ आरुष भोला भी होंगे, जो 'पावर फीनिक्स' की जिम्मेदारी संभालेंगे। छह हफ्ते तक चलने वाले इस सीजन 5 में तीन टीमें जबर्दस्त मुकाबला करेंगी, ताकि आखिर में सिर्फ एक 'मास्टरमाइंड' विजेता बन सके। शो 'प्लेग्राउंड सीजन 5' का ट्रेलर सोमवार का जारी हो चुका है। 'प्लेग्राउंड सीजन 5' का प्रीमियर 1 अगस्त को होगा। यह प्राइम वीडियो की तरफ से एमएक्स प्लेयर पर खास तौर से मुफ्त में स्ट्रीम किया जाएगा । ट्रेलर की शुरुआत में सभी मेंटॉर अपनी-अपनी दुनिया में खोए हुए दिखते हैं। तभी अचानक उनके आस-पास की असलियत में गड़बड़ी होने लगती है। एक-एक करके उन्हें एहसास होता है कि उन्हें मेंटॉर के तौर पर लॉक कर दिया गया है। सीधे असल जिंदगी वाले गेमिंग की दुनिया में खींच लिया गया है, जहां उन्हें एक-दूसरे का मुकाबला करना है। इस कॉम्पिटिशन में धीरे-धीरे ढलने का कोई समय नहीं है। मेंटॉर को हालात के हिसाब से खुद को ढालना होगा। अपग्रेड करना होगा और अपना दबदबा बनाना होगा, क्योंकि इस गेम में सब कुछ एक पल में खत्म हो सकता है।

## मैं अपने घर की डोर मैट थी : शिल्पा

**नई दिल्ली।** शिल्पा शिंदे ने 'लॉकअप 2' हालिया एपिसोड में दूसरे प्रतियोगियों के सामने अपने बिगड़ चुके पारिवारिक रिश्तों का जिक्र किया। एक्ट्रेस ने बताया कि जब उनकी कंधे की सर्जरी हुई तो उन्हें उनके ही घर से निकाल दिया गया था। शिल्पा शिंदे 'लॉकअप 2' में कहती हैं, 'हर्षद चोपड़ा आपको मैंने पहले चेताया था कि लोग आपका इस्तेमाल करते हैं। डोर मैट की तरह इस्तेमाल करते हैं। मैं भी अपने घर की डोर मैट थी। कुछ साल पहले मेरे कंधे की सर्जरी हुई थी। सर्जरी के पांच दिन बाद मुझे मेरे ही घर से निकाल दिया गया था। आपको लगेगा कि क्या मेरे परिवार वाले इतने बुरे हैं। तो देखिए, मेरे लिए ऐसी सिचुएशन बना दी गई थी। उन्हें पता था कि मैं सेल्फ रेस्पेक्ट वाली लड़की हूं। इसलिए मैं अपना घर छोड़ दिया। दरअसल, मेरा भाई अपनी वाइफ के इंफ्लुएंस में आ गया था और मेरी मां भाई की बातों को मानती थीं।' कुछ हफ्ते पहले योगेश रावत शो से बाहर हुए थे। अब सूफी मोतीवाला और धीरज कपूर भी शो से बाहर हो चुके हैं।



# सावन की दस्तक से पहले 'मैं दीवानी महाकाल की' गाना रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अदाकारा अक्षरा सिंह अपनी गायिकी के लिए भी मशहूर हैं। सावन की दस्तक से पहले उन्होंने महादेव को समर्पित भक्ति सॉन्ग रिलीज किया है। भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन अक्षरा सिंह अब बॉलीवुड में पहचान बना चुकी हैं। उन्हें अक्षय कुमार के साथ 'वेलकम टू द जंगल' के एक गाने में देखा गया था। इसके अलावा उन्हें श्रद्धा कपूर की आगामी फिल्म 'ईठा' में देखा जाएगा। इस बीच अक्षरा अपने नए गाने को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। सावन का महीना शुरू होने वाला है। कोई भी त्योहार हो, भोजपुरी इंडस्ट्री में नए गानों की खूब बहार आती है। खेसारी लाल यादव से लेकर अक्षरा सिंह, पवन सिंह तक कई सितारे सावन के महीने में नए गाने लेकर आते हैं। अक्षरा सिंह ने यह सिलसिला शुरू कर दिया। उनका गाना 'मैं दीवानी महाकाल' की सोमवार को रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह अदाकारी के साथ-साथ सिंगिंग में भी माहिर हैं। अब उन्होंने अपने फैंस को नए गाने का तोहफा दिया है। यह भक्ति सॉन्ग अक्षरा सिंह के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। अक्षरा सिंह गाने में महादेव की भक्ति के रंग में रंगी दिख रही हैं। आर्मी प्रिंट आउटफिट में वे बुलेट पर सवार होकर जा रही हैं। रुद्रास की माला धारण कर वे यह गाना गुनगुना रही हैं। इसके बाद शिवलिंग के आगे बैठकर पूजा करती हैं और फिर कुछ साधु-संतों से मिलकर आशीर्वाद लेती हैं। बता दें कि अक्षरा सिंह महादेव की भक्त हैं। अक्सर वे काशी विश्वनाथ दर्शन करने जाती हैं। इस गाने की रिलीज से पहले अभिनेत्री अपनी मां के साथ उज्जैन महाकाल के दर्शन करने पहुंची थीं। अक्षरा के गाने पर फैंस की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। यूजर्स ने लिखा है, 'हम बहुत दिनों से आपके गाने का इंतजार कर रहे थे'।



# अजीब हिंदी फिल्मों में गिनी जाती है नीचा नगर, बनाया था ऐसा रिकॉर्ड जो आज तक कोई नहीं तोड़ पाया

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा की ऑडियंस आज ज्यादा से ज्यादा ऑथेन्टिक और ऑरिजनल फिल्मों की डिमांड कर रही है। हालांकि, बीच में एक लंबे वक्त तक सिर्फ एक ही नपे-तुले ढर्रे पर बनाई गई फिल्मों को ही लोगों ने प्यार दिया है। हालांकि, बात अगर 70-80 के दशक की करें तो उन दिनों बॉलीवुड डायरेक्टर्स ज्यादा से ज्यादा क्रिएटिव होने की कोशिश कर रहे थे। आज हम आपको ऐसी ही एक बहुत यूनिक फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं। आज अगर इस तरह की फिल्म बनाई जाए, तो ज्यादा संभावना इस बात की है, कि यह बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट जाएगी, लेकिन उन दिनों इस फिल्म ने कामयाबी के झंडे गाढ़ दिए थे। बल्कि, सच तो यह है कि अगर आपने गलती से कभी इस फिल्म की क्लिप्स रील्स में देखी होंगी तो शायद कोई क्रिंज पिक्चर समझकर आगे बढ़ गए होंगे। ज्यादातर लोग अभी भी इसे बहुत अजीब फिल्म समझते हैं, वजह है इसका बहुत अलग होना।



### 1946 में कर दिया ऐसा कमाल

जितनी दिलचस्प इस फिल्म की कहानी है, उससे कहीं ज्यादा दिलचस्प है इसे बनाने वाले डायरेक्टर की कहानी। इस फिल्म के डायरेक्टर चेतन आनंद थे, जिन्हें आज भी ज्यादातर लोग देव आनंद का भाई समझते हैं। हालांकि, उनकी अपनी अलग पहचान थी और कम लोग जानते हैं कि चेतन भारतीय सिनेमा की पहचान माने जाने वाले सत्यजीत रे की प्रेरणा थे। दरअसल, चेतन ने साल 1946 में अपनी फिल्म 'नीचा नगर' के जरिए वो करिश्मा कर दिखाया था, जो आज भी कोई दूसरी हिंदी फिल्म नहीं कर पाई है। चेतन की इस फिल्म ने कान फिल्म फेस्टिवल में ग्रांड प्राइज जीता था।

### फिल्म जिसमें हर कोई कविता में करता है बात

उनकी इसी उपलब्धि के बाद सत्यजीत रे ने उन्हें लेटर लिखा कि आपकी वजह से मुझे फिल्म बनाने की हिम्मत मिली है। इतनी बड़ी कामयाबी के बाद चेतन आनंद ने एक और मील का पत्थर रखने का फैसला किया था। उन्होंने 1970 में तय किया कि वह एक ऐसी फिल्म बनाएंगे, जिसका हर डायलॉग किसी कविता की तरह होगा। इस फिल्म में कोई हल्की-फुल्की स्टार कास्ट नहीं थी। राज कुमार, पृथ्वीराज कपूर और प्राण जैसे कमाल के एक्टर्स को कास्ट करके उन्होंने एक ऐसी फिल्म बना डाली, जिसमें हर कोई कविताओं में बात करता नजर आता है।

## हॉलीवुड स्टार्स के बाद किया था लक्स का ऐड

# 16 साल में हुई शादी, बनीं हिंदी सिनेमा की पहली ग्रेजुएट एक्ट्रेस

*नई दिल्ली। बॉलीवुड ने कई अभिनेत्रियों ने अपने अभिनय और अपनी कलाकारी से अपना बड़ा नाम बनाया है। लेकिन, आज हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं, वो अपने समय में एक मिसाल थी और उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए नए रास्ते बनाए। उन्हें हिंदी फिल्म जगत की पहले ग्रेजुएट एक्ट्रेस कहा जाता है। उन्होंने उस पॉपुलर ब्यूटी सोप का ऐड किया, जो उनसे पहले केवल हॉलीवुड की सुंदरियां ही करती थीं। प्रोफेशनल फ्रंट पर सफलता के बावजूद उनका निजी जीवन काफी संघर्षों से भरा रहा।*



### कौन हैं वो एक्ट्रेस?

हम बात कर रहे हैं बीते जमाने की मशहूर अभिनेत्री लीला चिटनिस की। लीला चिटनिस ने बॉलीवुड में 1930 से 1980 के दशक तक काम किया। उनका जन्म 1909 में हुआ था। ये उन चुनिंदा महिला अभिनेताओं में से थीं जो ग्रेजुएट (आर्ट्स में बैचलर) थीं। वह पहली फीमेल एक्टर थीं, जो ग्रेजुएट थी। उनके पिता इंग्लिश लिटरेचर के प्रोफेसर थे। उन्होंने लीला की शादी 16 साल की उम्र में ही तय कर दी थी।

### शादीशुदा जिंदगी

लीला चिटनिस ने गजानन यशवंत चिटनिस से शादी की, जो एक डॉक्टर थे और उसी ब्रह्म समाज समुदाय से थे, जिससे उनका परिवार जुड़ा था। शादी के बाद उनके चार बेटे हुए। उनकी राजनीतिक सोच भी एक जैसी थी। उन्होंने एक बार मशहूर मार्क्सवादी स्वतंत्रता सेनानी एम.एन. रॉय को अपने घर में पनाह दी थी और ब्रिटिश राज के खिलाफ भारत की आजादी की लड़ाई में अपना योगदान दिया था।

### शराब पीने वाले पति से हो गईं अलग

हालांकि, शादी सफल न हो पाने के कारण आखिरकार वह अपने शराब पीने वाले पति से अलग हो गईं। वापस लौटने पर, उन्हें अकेले ही अपने चार छोटे बेटों की परवरिश करने की मुश्किल चुनौती का सामना करना पड़ा। उस समय ग्रेजुएट होने वाली चुनिंदा महिलाओं में से एक होने के नाते, उन्होंने एक स्कूल में पढ़ाना शुरू किया। हालांकि, प्रोग्रेसिव मराठी ग्रुप 'नाट्यमन्वंतर' के साथ थिएटर की ट्रेनिंग लेने के कारण, उन्हें एक्टिंग में ही अपना असली मकसद मिला।

### फिल्मों में शुरुआती संघर्ष

हिंदी सिनेमा में लीला चिटनिस का सफर आसान नहीं था। 'जेंटलमैन डाकू' (1937) में ब्रेक मिलने से पहले उन्होंने कई फिल्मों में एक्स्ट्रा (सहायक कलाकार) के तौर पर काम किया। इस फिल्म में उन्होंने पुरुष के वेश में एक्शन सीन भी किए थे। 1939 में 'कंगन' की बॉक्स ऑफिस सफलता के साथ ही उन्होंने आखिरकार एक लीड एक्ट्रेस के तौर पर अपनी जगह बनाई। फिल्म में उन्होंने एक हिंदू पुजारी की बेटी का किरदार निभाया, जो अपने पिता की मर्जी के खिलाफ जाकर एक स्थानीय जमींदार के बेटे से प्यार करने लगती है।

### कंगन को मिली जबरदस्त कामयाबी

बॉम्बे टॉकीज, वह मशहूर प्रोडक्शन हाउस जिसने इस फिल्म को सपोर्ट किया था, समाज की स्थापित मान्यताओं को चुनौती देने वाली फिल्में चुनने की वजह से मुश्किल दौर से गुजर रहा था। 'कंगन' फिल्म की जबरदस्त कामयाबी के बाद, लीला ने उस दौर की मशहूर अभिनेत्री देविका रानी की जगह ले ली। लीला चिटनिस ने बॉम्बे टॉकीज के एक और बड़े कलाकार अशोक कुमार के साथ कई यादगार फिल्मों में काम किया, जिनमें एन.आर. आचार्य की बंधन और आजाद (1940) और ज्ञान मुखर्जी की झूला (1941) शामिल है।

## खबर संक्षेप



### एसपीजी आईएएस स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी

**महेंद्रगढ़।** डुलाना चितलांग रोड स्थित एसपीजी आईएएस स्कूल में कक्षा तीसरी से दसवीं तक की विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के मॉडल प्रस्तुत कर उसकी जानकारी भी दी। प्रदर्शनी में हाइड्रोलिक सिस्टम, स्वच्छ वातावरण, सोलर सिस्टम, पवन चक्की से संबंधित विभिन्न मॉडलों को सुंदर ढंग से दर्शाया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर विजेंद्र शर्मा नायब तहसीलदार मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई दी तथा कहा कि भविष्य में सभी विद्यार्थी इस प्रकार विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेते रहे।

### राव जयराम स्कूल के सुशांत ने बॉक्सिंग में जीता पहला स्थान

**महेंद्रगढ़।** राव जय राम सीनियर सेकेंडरी स्कूल बुंदेबाज नगर, अटेली रोड के लिए गर्व का क्षण तब आया, जब विद्यालय के होनहार छात्र सुशांत सिंह ने 13, 14 वर्ष आयु वर्ग तथा 38, 40 किलोग्राम भार वर्ग की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जिला स्तरीय खेलों में महेंद्रगढ़ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुशांत सिंह ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन तकनीक, आत्मविश्वास और जुझारू खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने सभी मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की।

### शराब ठेके के समीप मिला युवक का शव

**कनीना।** कनीना-महेंद्रगढ़ सड़क मार्ग पर चेलावास फिलिंग स्टेशन व शराब ठेके के समीप सोमवार सायं एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फेल गई। सूचना मिलने पर सिटी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे उप नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। युवक की पहचान 30 वर्षीय नवीन कुमार वासी निमोठ, जिला रेवाड़ी के रूप में हुई है। मृतक के पिता राजकुमार ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि नवीन शादीशुदा था, जो कनीना की पुरानी मंडी में किसी कार्य से आया था। जिसका शव चेलावास ठेके के समीप मिला था। उन्होंने किसी प्रकार का संदेह नहीं जताया।

*कांवड़ यात्रा व बढ़ते यात्री दबाव के चलते उत्तर पश्चिम रेलवे ने दी यात्रियों को बड़ी राहत, ट्रेनों में लगाए अतिरिक्त डिब्बे*

# नारनौल, महेंद्रगढ़, अटेली, निजामपुर स्टेशनों से होकर गुजरने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनों में बढ़ाए गए डिब्बे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिले में सावन माह, कांवड़ यात्रा और बढ़ते यात्री दबाव को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे ने रेल यात्रियों को बड़ी राहत दी है। रेलवे प्रशासन ने अगस्त माह के दौरान जिले के नारनौल, महेंद्रगढ़, अटेली, निजामपुर, बाछौद व अमरपुर जोरासी स्टेशनों से होकर गुजरने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनों में अतिरिक्त डिब्बे लगाने का निर्णय लिया है। इससे यात्रियों को सीट उपलब्ध होने में सुविधा मिलेगी और भीड़भाड़ की समस्या भी काफी हद तक कम होगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार सावन के दौरान धार्मिक यात्राओं, कांवड़ यात्रा और रक्षाबंधन जैसे त्योहारों के चलते ट्रेनों में यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए विभिन्न रेल सेवाओं में अस्थायी रूप से अतिरिक्त कोच जोड़े जा रहे हैं। महेंद्रगढ़ स्टेशन पर ठहराव करने वाली दिल्ली सराय-सीकर-दिल्ली सराय एक्सप्रेस (14713/14714) में पांच अगस्त से चार सितंबर तक एक थर्ड एसी, एक स्लीपर तथा एक सामान्य श्रेणी का अतिरिक्त डिब्बा लगाया जाएगा। इससे दिल्ली, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ और सीकर के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।



नारनौल। रेलवे स्टेशन। फोटो : हरिभूमि

### यात्रियों को होगा लाभ

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि अतिरिक्त डिब्बे लगाए जाने से यात्रियों को खड़े होकर यात्रा करने की मजबूरी कम होगी और त्योहारों व धार्मिक आयोजनों के दौरान बढ़ने वाली भीड़ को बेहतर ढंग से नियंत्रित किया जा सकेगा। रेलवे के इस निर्णय से महेंद्रगढ़ जिले सहित दक्षिण हरियाणा के हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है।

### नारनौल से गुजरने वाली ट्रेनों में राहत

इसके अलावा जयपुर मंडल के अंतर्गत संचालित कई प्रमुख रेल सेवाओं में भी अतिरिक्त सामान्य श्रेणी के डिब्बे लगाए जाएंगे। रेलवे के अनुसार मदार-रेवाड़ी-मदार (19617/19618), रेवाड़ी-फुलेरा-रेवाड़ी (19619/19620 एवं 19621/19622) तथा जयपुर-रेवाड़ी-जयपुर (09635/09636) रेल सेवाओं में एक अगस्त से 31 अगस्त तक पांच-पांच अतिरिक्त सामान्य श्रेणी के डिब्बे जोड़े जाएंगे। इन ट्रेनों का लाभ नारनौल, अटेली, निजामपुर, बाछौद और अमरपुर जोरासी स्टेशन के यात्रियों को मिलेगा। वहीं भिवानी-कालका-भिवानी (14795/14796) रेल सेवा में एक अगस्त से 31 अगस्त तक तीन अतिरिक्त सामान्य श्रेणी के कोच लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त भिवानी-ढेहर का बालाजी-भिवानी (14705/14706) रेल सेवा में दो अगस्त से एक सितंबर तक तीन अतिरिक्त सामान्य श्रेणी के डिब्बे लगाए जाएंगे। इनके अलावा रेलवे ने 49 जोड़ी ट्रेनों के डिब्बों में वृद्धि की है।

## मतदाता सूची के लिए 30 अगस्त तक दर्ज होंगे दावे-आपत्तियां: डीसी

# अटेली कस्बे में 6701 मतदाताओं में 1506 अनुपस्थित, मृत, शिफ्ट, डबल वोट मिले

- अटेली चेयरमैन चुनाव अयोग्य करार होने पर वोटर पर लोगों की पैनी नजर
- 31 जुलाई को प्रकाशित होगी ड्राफ्ट मतदाता सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार जिला में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) का पहला चरण पूरा हो चुका है। जिले में एसआईआर से पहले 749607 मतदाता थे, लेकिन अब 685587 मतदाताओं का निर्वाचन प्रपत्र डिजिटाइज किया गया है। 64020 मतदाताओं के निर्वाचन प्रपत्र प्राप्त नहीं हो सके है। पूरे अभियान में 772 बीएलओ कड़ी मेहनत से उपयुक्त डेटा एकत्रित किए। अब 31 जुलाई को वोटर लिस्ट प्रकाशित होगी। इस मतदाता सूची में जिनका प्रपत्र प्राप्त नहीं हुआ, उनका नाम शामिल नहीं किया जाएगा। पात्र मतदाता जिसका नाम किसी कारणवश सूची में शामिल नहीं हो सका वह आनलाइन या संबंधित बीएलओं को छह नंबर फार्म भर कर अपना नाम सूची में दर्ज करवा सकता है।

निर्वाचन पंजीयन अधिकारी ने मंगलवार को 68 अटेली विधानसभा क्षेत्र एवं उपमंडल अधिकारी ने अटेली एईआरओं तथा 22 सुपरवाइजरों व डाट एंट्री आपरेटर की बैठक ली। बैठक में अटेली नपा के सचिव प्रशांत पाराशर को अटेली शहर का एईआरओ को दायित्व दिया गया है। जिन मतदाताओं के माता-पिता या दादा-दादी का नाम एसआईआर 2002 की मतदाता सूची में नाम नहीं था तथा वो वोटर जिनके माता-पिता या दादा-दादी के नाम मिसमैच हो गये है। इनकी सुनवाई नोटिस पर लिखी हुई तारीख को एईआरओ नगर पालिका अटेली में सुनेंगे। नोटिस मिलने के बाद सुनवाई पर नहीं जाने वालों का नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया जाएगा।




मंडी अटेली। अटेली नगर पालिका भवन। फोटो : हरिभूमि

### यह बोली जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त

जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बताया कि प्राप्त दावों और आपत्तियों के त्वरित निपटान तथा नोटिस जारी करने के लिए आयोग ने 31 जुलाई से 28 सितंबर तक की समय सीमा तय की है। पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए जिला में 35 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। अटेली, महेंद्रगढ़ एवं नांगल चौधरी में आठ-आठ तथा नारनौल विधानसभा में 11 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ये अधिकारी उन मतदाताओं को नोटिस जारी करेंगे जिनकी मैपिंग वर्ष 2002 की मतदाता सूची में नहीं हो पाई है या जिसमें तार्किक विसंगतियां (लॉजिकल डिसक्रीपैंसी) पाई गई हैं। इन नोटिस पर प्रतिदिन कार्यालय समय के दौरान सुनवाई की जाएगी। यदि कोई नागरिक अतिरिक्त सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी के निर्णय से संतुष्ट नहीं होता है तो वह निर्वाचक पंजीयन अधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी और मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा के समक्ष अपील कर सकता है।

### अटेली पालिका उपचुनाव की संभावना

अटेली चेयरमैन संजय गोयल के चुनाव को नौ जुलाई को इलेक्शन ट्रिब्यूनल एव सिविल जज सीनियर डिवीजन ने नपा चेयरमैन के चुनाव को अयोग्य करार दिये जाने तथा जिला सेशन कोर्ट द्वारा स्टे नहीं मिलने से उप चुनाव की संभावना बनती जा रही है। मन में चेयरमैन की लालसा रखने वाले एसआईओर पर काफी रूचि रखे हुए है। हालांकि संजय गोयल के चेयरमैन चुनाव का जिला सेशन कोर्ट में 27 अगस्त को बहस की सुनवाई है तथा हाई कोर्ट में मामला विचाराधीन बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार अटेली कस्बे में कुल 12 वार्ड है तथा 176 से 180 तक पांच बूथ है जिनमें कुल 6701 मतदाताओं में एएसडीडी वोटर की संख्या में 1506 है। प्रशासन द्वारा कराए गए गहन सर्वेक्षण और डेटा सत्यापन के दौरान इनमें से 1506 मतदाता ऐसे हैं जो या तो अपने स्थान से अनुपस्थित हैं कहीं अन्यत्र स्थानांतरित हो चुके हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है या फिर जिनके नाम सूची में दो बार दर्ज पाए गए हैं। इनमें से पात्र मतदाता छ नंबर फार्म भर कर अपना नाम पुनः बीएलओं के द्वारा सूची में शामिल करवा सकते है।

## खबर संक्षेप




### एसडी शिक्षण संस्थान में मनाया वन महोत्सव

**कनीना।** एसडी शिक्षण संस्थान ककराला में मंगलवार को वन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के चेयरमैन जगदेव यादव ने पौधरोपण की शुरूआत कर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवकों की ओर से 31 जुलाई तक पौधरोपण किया जाएगा। पांच हजार पौधे लगाने का लख्य रखा गया है। वन महोत्सव अभियान के अंतर्गत लगभग 3000 पौधे लगाए जा चुके हैं। चेयरमैन जगदेव यादव ने कहा कि पौधरोपण केवल एक दिन का कार्य नहीं है, समय समय पर आयोजित किया जाने वाला पर्व है। उन्होंने विद्यार्थियों व अभिभावकों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी देवव्रत व धनराज ने कहा कि वन महोत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों में प्रकृति प्रेम और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। इस मौके पर निदेशक ओमप्रकाश यादव, उप निदेशक पूर्णसिंह, सीईओ रामधारी यादव आदि उपस्थित थे।

### विजय इंटरनेशनल स्कूल में नशामुक्ति एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम



**महेंद्रगढ़।** युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विजय इंटरनेशनल स्कूल में पुलिस के सहयोग से एक भव्य नशा मुक्ति एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बड़े उत्साह के साथ भागीदारी की।पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी रहे मुख्य अतिथि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एएसपी आईपीएस फैजल खान रहे। उनके साथ विशेष अतिथि के रूप में इंस्पेक्टर अनिल कुमार, थाना प्रभारी सतनाली, तथा एएसआई जय भगवान, माधोगढ़ चौकी भी उपस्थित रहे। एएसपी फैजल खान ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए ही घातक नहीं है, बल्कि यह पूरे परिवार, समाज और देश के भविष्य को भी प्रभावित करता है। उन्होंने सभी से हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन और वाहन चलाते समय मोबाइल के उपयोग से बचने की अपील की।



### मॉडर्न स्कूल में अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता

**महेंद्रगढ़।** मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोमला रोड भोजावास में अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता पहली कक्षा से 12वीं कक्षा तक कक्षा स्तर पर करवाई गई। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने हस्त लेखन के बल पर अंग्रेजी में सुंदर लेखन कार्य किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को संस्था निदेशक राजकुमार यादव, हवा सिंह यादव, प्रबंधन समिति के सदस्य नवीन कुमार, प्राचार्य अनिल कुमार, उपप्राचार्य शकुंत शहरावत, वरिष्ठ अध्यापक राम सिंह, राकेश कुमार तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने विशेष रूप से प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक राजकुमार यादव ने कहा कि सुलेख प्रतियोगिता करवाने से विद्यार्थियों के लेखन कार्य में सुधार होता है। लेखन कार्य यदि सुंदर हो तो यह अपने आप में आकर्षण का केंद्र होता है। इससे मानसिक विकास व स्मरण शक्ति का विकास भी होता है।

# शर्मिला धनखड़ की जीत पर बांटी मिठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

गांव छिथरोली की बेटी पैरा एथलीट शर्मिला धनखड़ द्वारा स्काटलैंड के ग्लास्गो शहर में चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स-2026 में पैरा एथलेटिक्स की शॉट पुट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर पूरे इलाके में खुशी की लहर है। प्रजा भलाई संगठन के सुप्रीमों प्रमुख समाजसेवी नेताजी अतरलाल ने कार्यकर्ताओं के साथ मिठाई बांटकर इस ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाया और शर्मिला के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अतरलाल ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी शर्मिला की यह जीत उनकी कड़ी मेहनत, नियमित अभ्यास और निरंतर संघर्ष का परिणाम है। शर्मिला की यह उपलब्धि पूरे इलाके के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी तथा इससे इलाके के युवाओं और खिलाड़ियों को भी खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने और देश के लिए मैडल जीतने का हौंसला मिलेगा। कॉमनवेल्थ गेम्स पैरा एथलेटिक्स में देश की पहली महिला स्वर्ण पदक विजेता बनकर शर्मिला ने पूरे इलाके, हरियाणा प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाया है। गांव पहुंचने पर पूरे इलाके की तरफ से शर्मिला धनखड़ के सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा।



नारनौल। शर्मिला की उपलब्धि पर मिठाई बांटकर खुशियां मनाते कार्यकर्ता।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर दमन यादव, कैलाश सेठ, गुरुदत्त आर्य, ओपी यादव, प्रोफेसर नवीन जांगड़ा, प्रोफेसर सुभाशचंद यादव, मुकेश तंवर, पवन प्रजापत, राकेश यादव, विक्रम शेखावत, राजबीर गौड़, शेरसिंह बाल्मीकि, पवन धनखड़, परमजीत कौशिक, उमेद सिंह यादव, सोनू चौहान आदि उपस्थित थे।

### सरस्वती स्कूल भोजावास के खिलाड़ियों ने लहराया परचम



हर्षित कुमार



रौनक कुमारी

**नांगल चौधरी।** एसजीएफआई की ओर से आयोजित जिला स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिताओं में सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्था का नाम रोशन किया। राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जूडो व ताइक्वांडो में प्रथम स्थान अर्जित करके स्टेट लेवल की स्पर्धा में स्थान सुनिश्चित किया है। स्कूल के प्राचार्य राजेश कुमार ने बताया कि छात्र हर्षित यादव, पुत्र सुजीत कुमार ने जूडो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया।

### ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में विद्या देवी स्कूल का दबदबा

**नारनौल।** ब्लॉक स्तरीय विद्यालय खेलों में विद्या देवी इंटरनेशनल स्कूल अटेली के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे अटेली ब्लॉक में अपनी अलग पहचान बनाई। विद्यालय ने एथलेटिक्स में कुल 72 पदक स्थान हासिल किए, जिनमें 31 स्वर्ण, 31 रजत व 10 कांस्य पदक शामिल हैं। वहीं अंडर-17 पुरुष कबड्डी टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चांद लगा दिए। लगभग प्रत्येक एथलेटिक्स स्पर्धा में विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया। विद्या देवी इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षा के साथ खेलों को समान महत्व दिया जाता है। आधुनिक प्रशिक्षण, अनुशासित वातावरण और गुणवत्तापूर्ण खेल संस्कृति का परिणाम है कि विद्यालय आज क्षेत्र में खेल उत्कृष्टता की नई पहचान बन चुका है।



# विद्या भारती पब्लिक स्कूल में विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें खंड स्तरीय खेलों में विद्यालय के विजेता खिलाड़ियों को चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव व वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने मेडल व फूलमाला पहनाकर उनका सम्मान किया। छात्राओं अंडर 17 टीम ने ब्लॉक स्तरीय खो-खो टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक हासिल किया।

इसी तरह छात्रों की अंडर 19 टीम ने वॉलीबाल व खो-खो में द्वितीय, छात्रों अंडर 11 रस्सा-कशी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा शुभम पुत्र अमर सिंह ने प्रथम व द्वितीय, जिज्ञासु पुत्र भजनलाल ने प्रथम, गोतम पुत्र शीशराम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार छात्राओं में हिया पुत्री प्रदीप ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तीसरा, साक्षी पुत्री महेश ने द्वितीय, पलक पुत्री पवन ने तृतीय, मुस्कान पुत्री रविन्द्र ने तीसरा, आंचल पुत्री गणेशराम ने द्वितीय, साक्षी पुत्री सुबेसिंह ने द्वितीय, आयूषी पुत्री विनोद ने तृतीय, पायल पुत्री अभय सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव व निदेशक रविन्द्रा यादव ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।



नारनौल। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# आर-सेटी से प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बनी बुलबुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सही मार्गदर्शन और लगन से कठिन परिस्थितियों के बीच भी स्वावलंबन का रास्ता बनाया जा सकता है। नांगल चौधरी तहसील के गांव कालबा की निवासी बुलबुल की कहानी इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। पारिवारिक जिम्मेदारियों और संसाधनों की सीमितता के बीच उन्होंने खुद का रोजगार शुरू करने की दिशा में कदम बढ़ाया और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर-सेटी) नसीबपुर से प्रशिक्षण प्राप्त किया।

एक रिश्तेदार की सलाह पर बुलबुल ने आर-सेटी संस्थान में संपर्क कर जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर के पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया। चार वर्ष की बेटी और पारिवारिक दायित्वों को संभालते हुए उन्होंने यह प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। संस्थान में उन्हें ब्यूटी पार्लर के कार्य के साथ-साथ व्यावसायिक प्रबंधन, बाजार सर्वेक्षण, बही-खाता रखने और ग्राहक संवाद जैसे व्यावहारिक विषयों की जानकारी दी गई। वहीं 10 अक्टूबर 2025 को प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उन्होंने स्वरोजगार स्थापित करने की योजना बनाई। इस प्रक्रिया में संस्थान और पीएनबी शाखा नांगल चौधरी के सहयोग से उन्हें तीन लाख रुपये का बैंक ऋण मिला। इसमें दो लाख रुपये की अपनी बचत जोड़कर, कुल पांच लाख रुपये की लागत से उन्होंने मन्नत मेकओवर नाम से ब्यूटी पार्लर की शुरूआत की। वर्तमान में बुलबुल अपने इस व्यवसाय से प्रतिमाह 30 से 40 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। इससे वे न केवल अपने परिवार का आर्थिक सहयोग कर पा रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी एक प्रेरणा बनकर उभरी हैं। उनका मानना है कि आर-सेटी जैसी संस्थाओं के माध्यम से हुनर सीखकर और सरकारी ऋण योजनाओं का उपयोग कर कोई भी व्यक्ति आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सकता है।




नारनौल। अपने ब्यूटी पार्लर में बुलबुल। फोटो : हरिभूमि

**सूचना**

मैं, नरेश कुमार पुत्र श्री बनवारी लाल निवासी सुन्दरह, तहसील कनीना, जिला महेन्द्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र आशीष व पुत्रवधु सीमा यादव मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मै रमेश चंद पुत्र ओमकार वासी मोहल्ला महल मिश्रवाडा नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र राजेश व उसकी पत्नी निकिता मेरे कहने सुनने से बाहर है व हर दिन घर में लडाई झगडा करते रहते है। इसलिए मै उनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

M/s. Krish Infrastructure Pvt. Ltd. द्वारा किरण गुप्ता के नाम जारी किया गया फ़्लैट नंबर P-1207, Krish Aura, भिवाड़ी, राजस्थान का ओरिजिनल अलॉटमेंट लेटर, पेमेंट की रसीदें और कब्ज़े की सूचना (Intimation for Possession) खो गए हैं। यदि किसी को ये मिलें, तो कृपया किरण गुप्ता को 98127-14103 पर सूचित करें।

# पानी व सीवर कनेक्शन करवाएं वैध, अवैध कनेक्शनधारियों पर होगी कार्रवाई

- शहरी क्षेत्र में विशेष जल संरक्षण अभियान शुरू, रोड कट चार्ज माफ: प्रदीप कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से शहरी क्षेत्र में पानी एवं सीवर कनेक्शनों को वैध कराने के लिए विशेष जल संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। कार्यकारी अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया कि शहरी उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभाग ने पानी एवं सीवर कनेक्शन वैध कराने का विशेष अवसर प्रदान किया है। इस अभियान के तहत रोड कट चार्ज पूरी तरह माफ किया गया है। अब उपभोक्ता मात्र 1550 रुपये की निर्धारित फीस जमा कर अपने कनेक्शन वैध करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त प्लंबर रिपोर्ट एवं मीटर लगवाने का खर्च उपभोक्ता को स्वयं वहन करना होगा।

उन्होंने बताया कि कनेक्शन वैध कराने के लिए संबंधित फाइल एवं अन्य जानकारी निजामपुर रोड स्थित जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के बिल शाखा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। आवेदन के साथ उपभोक्ता को दो पासपोर्ट आकार के फोटो, दो पहचान पत्र (फैमिली आईडी व आधार कार्ड), मकान की जीपीएस लोकेशन सहित फोटो, स्वामित्व प्रमाण (रजिस्ट्री एवं इंतकाल आदि) प्रस्तुत करने होंगे। कार्यकारी अभियंता प्रदीप कुमार ने उपभोक्ताओं से इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जो उपभोक्ता इस अभियान के दौरान अपने कनेक्शन वैध नहीं करवाएंगे, उनके अवैध कनेक्शन काटे जाएंगे, जुर्माना लगाया जाएगा तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। उन्होंने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए शहरी क्षेत्र में विशेष टीमों का गठन किया जा चुका है, जो मौके पर पहुंचकर कनेक्शनों की जांच करेंगी। सीवर व्यवस्था के कार्यकारी अभियंता जितेंद्र हुड्डा ने भी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे अपने पानी एवं सीवर कनेक्शन समय रहते वैध करवाएं, ताकि विभाग की ओर से सभी आवश्यक सुविधाएं सुचारु रूप से उपलब्ध कराई जा सकें।

### 1550 रुपये फीस जमा कर वैध करा सकेंगे अवैध कनेक्शन

### जल संरक्षण में निभाएं अपनी भूमिका

जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने कहा कि विशेष जल संरक्षण अभियान के तहत जहां पानी एवं सीवर कनेक्शनों को वैध किया जा रहा है, वहीं जल संरक्षण को भी प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि सभी नलों पर टोंटी या वाल्व अवश्य लगाएं तथा पानी को व्यर्थ बहने से बचाएं। उन्होंने बताया कि वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए विभाग की ओर से पेयजल में क्लोरीन की नियमित जांच करवाई जा रही है, ताकि प्रत्येक उपभोक्ता तक सुरक्षित एवं शुद्ध पेयजल पहुंच सके। यदि कहीं पानी की पाइप लाइन में लीकेज हो या गंदे पानी की आपूर्ति की आशंका हो, तो इसकी सूचना तुरंत विभाग को दें।

### टोल फ्री नंबर पर किया जा सकता है सम्पर्क

पेयजल एवं सीवर संबंधी शिकायतों के लिए विभाग के टोल-फ्री नंबर 1800-180-5678 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त पानी एवं सीवर कनेक्शन से संबंधित शिकायत या जानकारी के लिए परिमंडल के दूरभाष नंबर 01282-260562 पर भी संपर्क किया जा सकता है।


नारनौल। अंडरपास में बना गड्ढा, जिससे हो रही आवागमन में परेशानी।

### गड्ढों, जाम और धीमी मरम्मत ने बढ़ाई लोगों की मुसीबत

# दो साल से जर्जर बहरोड़ रोड रेलवे अंडरपास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर को बहरोड़ रोड और राष्ट्रीय राजमार्ग-148बी से जोड़ने वाला रेलवे अंडरपास इन दिनों आमजन के लिए बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ है। अंडरपास के नीचे सड़क लंबे समय से जर्जर है। नई मरम्मत के उपरांत बने गहरे गड्ढे, जलभराव, एकतरफ के बंद मार्ग तथा धीमी गति से चल रहा मरम्मत कार्य लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। हालत यह है कि रोजाना हजारों लोग जोखिम उठाकर इस मार्ग से गुजरने को मजबूर हैं, लेकिन संबंधित रेलवे के महकमा द्वारा इस ओर से अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया जा सका है। बता दें कि यह अंडरपास शहर के सबसे महत्वपूर्ण संपर्क मार्गों में से एक है। इसी रास्ते से महिला कॉलेज, स्कूलों और कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थी, सामान्य अस्पताल जाने वाले मरीज, मंडी व बाजार के व्यापारी, कार्यालय आने-जाने वाले कर्मचारी तथा शोभासागर और कड़िया वाला हनुमान मंदिर जाने वाले श्रद्धालु प्रतिदिन गुजरते हैं। ऐसे में सड़क की बदहाल स्थिति सीधे हजारों लोगों की दिनचर्या को प्रभावित कर रही है। कुछ महीनों पहले इस अंडरपास में जल रिसाव की समस्या थी और अंडरपास के ऊपर की तरफ सीवर लाइन टूटी होने के कारण उसकी गंदगी रिस कर इसमें आ जाती थी और यहां बरसात में भारी जलभराव हो जाता था।

हालांकि उस समस्या को जल कर दिया गया, लेकिन बाद में भू–जल के रिसाव की समस्या निरंतर बनी रही। उस भू–जल रिसाव को रोकने के लिए हाल ही में नए सिरे से कैमिकल युक्त मरम्मत करवाई तथा अंडरपास के बेस की सड़क को दोबारा बनवाया, लेकिन कमाल की बात है कि वह नई मरम्मत वाली सड़क उखड़ गई है और उसमें एकतरफ बड़ा सा गड्ढा बन गया है, जिस कारण वाहनों का उस तरफ से आवागमन बंद है।

### वाहन चालकों को हो रही परेशानी

सिटी पल्स

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क टूटने के कारण वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई लोग यहां गिरकर घायल हो चुके हैं। इसके बावजूद हालात में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं दिखाई दे रहा। दूसरी ओर, रेलवे की ओर से अंडरपास के भीतर मरम्मत का कार्य कई महीनों से जारी है, लेकिन इसकी रफ्तार बेहद धीमी है। मरम्मत के कारण एक तरफ का मार्ग बंद रहने से पूरा यातायात एक ही लेन से गुजरता है। सुबह और शाम के समय यहां लंबा जाम लग जाता है। स्कूल बसों से लेकर एंबुलेंस तक इस जाम में फंस जाती हैं, जिससे लोगों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ती है।



**रोजाना हजारों लोग जोखिम उठाकर इस मार्ग से गुजरने को मजबूर**

### बारिश में बढ़ जाता है खतरा

बहरोड़ रोड रेलवे अंडरपास में भूजल रिसाव की समस्या पहले से रही है। बरसात के दौरान पानी जमा होने से सड़क पर बने गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल निकासी की स्थायी व्यवस्था, गड्ढों की तत्काल मरम्मत, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षित आवागमन के इंतजाम किए बिना इस समस्या का समाधान संभव नहीं है।

### वार्ड पार्षद ने दी चेतावनी, कार्रवाई न होने पर लोग करेंगे आंदोलन

वार्ड-20 के नगर परिषद सदस्य एवं अधिवक्ता नितिन चौधरी ने प्रशासन, नगर परिषद और रेलवे विभाग से अंडरपास की सड़क का तत्काल पुनर्निर्माण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि पिछले करीब दो वर्षों से नगर परिषद और रेलवे विभाग जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डालते रहे हैं, जबकि जनता लगातार परेशानी झेल रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 10 दिनों के भीतर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो स्थानीय लोग आंदोलन करेंगे और अगले माह जनपरिवेदना समिति की बैठक में निकाय मंत्री विपुल गोयल के समक्ष भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा

### जनता की मांग, अब नहीं चाहिए अस्थायी समाधान

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अंडरपास की बदहाल स्थिति वर्षों से बनी हुई है। हर बार मरम्मत के नाम पर अस्थायी काम होता है, लेकिन कुछ समय बाद सड़क फिर टूट जाती है। लोगों ने प्रशासन, नगर परिषद और रेलवे विभाग से मांग की है कि जिम्मेदारी तय कर सड़क का स्थायी पुनर्निर्माण कराया जाए, ताकि शहर की इस प्रमुख संपर्क सड़क पर लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन मिल सके। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो जनआंदोलन शुरू किया जाएगा।


महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते हुए विद्यार्थी और स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

## इंडस वैली स्कूल के खिलाड़ियों ने एसजीएफआई स्पर्धा में जीते 36 स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

इंडस वैली पब्लिक स्कूल दौंगड़ा अहीर के विद्यार्थियों ने एसजीएफआई जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भारोत्तोलन एवं कुश्ती स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में शानदार खेल का प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक हासिल किए। संस्था के डीपीई मनोज कुमार ने बताया कि भारोत्तोलन प्रतियोगिता में हंसी (53 किग्रा), अपेक्षा (53 किग्रा), रीत (63 किग्रा), जिया (58 किग्रा), भारती (69 किग्रा), रवीना (48 किग्रा), सनाया (63 किग्रा), तान्या (69 किग्रा), अनुराग (67 किग्रा), निखिल (60 किग्रा), विवेक (79 किग्रा), प्रिंस (88 किग्रा), सुमित (110 प्लस किग्रा), विनय (60 किग्रा), यश (71 किग्रा), भास्कर देव एवं निकेतन ने अपने-अपने भार वर्ग में गोल्ड मैडल प्राप्त किए।

इसी प्रकार कुश्ती प्रतियोगिता में हंसी (48 किग्रा), अपेक्षा (55 किग्रा), रीत (62 किग्रा), जिया (57 किग्रा), भारती (68 किग्रा), पलक (53 किग्रा), तमन्ना (46 किग्रा), तान्या (69 किग्रा), छवि (50 किग्रा), नव्या (54 किग्रा), कनक (42 किग्रा), प्रशांत (51 किग्रा), अनुराग (80 किग्रा), निखिल (60 किग्रा), हैप्पी (65 किग्रा), दीपक (72 किग्रा), विवेक (82 किग्रा), प्रिंस (87 किग्रा) तथा सुमित (130 किग्रा) ने अपने-अपने भार वर्ग में गोल्ड मैडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्राचार्य जयवीर सिंह यादव ने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में 36 गोल्ड मैडल, 9 रजत पदक एवं 4 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन धर्मेंद्र यादव, वाइस चेयरमैन विजय सिंह, निदेशक के.सी यादव, उप प्राचार्य वीर सिंह यादव, डीपीई स्टाफ व समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं तथा विद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्यों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### खातोदड़ा, नांगल माला, मांडोला सड़क निर्माण को मिली प्रशासन की स्वीकृति




**महेन्द्रगढ़।** क्षेत्र के खातोदड़ा–नांगल माला–मांडोला मार्ग के निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति मिलने से स्थानीय ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसे अब सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद जल्द ही धरातल पर उतारने की तैयारी शुरू हो गई है। इस सड़क के निर्माण से न केवल तीनों गांवों के बीच आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के किसानों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को भी बड़ी राहत मिलेगी। बताया जा रहा है कि इस मामले में सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने विशेष रुचि लेते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को पत्र लिखकर सड़क निर्माण प्रस्ताव के अनुमोदन का आग्रह किया था। सांसद के प्रयासों के बाद विभागीय स्तर पर प्रक्रिया में तेजी आई और अंततः वाईएम मेहरा, इंजीनियर-इन-चीफ (ईआईसी), पीडब्ल्यूडी विभाग, चंडीगढ़ द्वारा सड़क निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृत परियोजना के अनुसार सड़क की कुल लंबाई लगभग 2 किलोमीटर होगी। इसके निर्माण पर अनुमानित 198.28 लाख की लागत आएगी। सड़क निर्माण कार्य का दायित्व लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), महेन्द्रगढ़ को सौंपा गया है। विभागीय अधिकारी अब निर्माण कार्य शुरू करने की दिशा में आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर रहे हैं।

### जांगिड़ समाज के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व शिक्षा मंत्री से की मुलाकात



**महेंद्रगढ़।** पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा के आवास पर जांगिड़ सभा के प्रधान राजेश जांगड़ा के नेतृत्व में जांगिड़ समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने महेंद्रगढ़ स्थित जांगिड़ भवन में अटल लाइब्रेरी की स्थापना के लिए पूर्व शिक्षा मंत्री को मांग-पत्र सौंपा। जांगिड़ सभा के प्रधान राजेश जांगड़ा ने बताया कि प्रो. रामबिलास शर्मा के मंत्री कार्यकाल में ही जांगिड़ समाज भवन का निर्माण संभव हो पाया था। अब समाज की ओर से भवन में अटल लाइब्रेरी स्थापित कराने का अनुरोध किया गया है। प्रो. रामबिलास शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि वह इस संबंध में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बातचीत कर महेंद्रगढ़ के जांगिड़ भवन में अटल लाइब्रेरी स्थापित कराने का प्रयास करेंगे। उन्होंने उनका कुशलक्षेम जानने के लिए पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका जीवन सदैव मानव सेवा और समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहा है तथा आगे भी वह जनहित के कार्यों के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि अब वह पहले से बेहतर स्वास्थ्य महसूस कर रहे हैं और शीघ्र ही महेंद्रगढ़ क्षेत्र में पहुंचकर लोगों की सेवा में सक्रिय होंगे।



### वेदांता स्कूल की छात्रा कैटलीन ने जीता स्वर्ण पदक

**नारनौल।** हरिभूमि न्यूज।जिला स्तरीय एसजीएफआई (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) तैराकी प्रतियोगिता में वेदांता इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा कैटलीन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। हॉलिडे वाटर पार्क में आयोजित प्रतियोगिता में कैटलीन ने अंडर-14 वर्ग की 50 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसने आत्मविश्वास और बेहतरीन तकनीक के साथ मुकाबले में हिस्सा लेकर यह उपलब्धि हासिल की।छात्रा की सफलता पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। चेयरमैन विनोद यादव ने कैटलीन को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ खेलों को भी समान महत्व देता है। प्रधानाचार्य ओपी मोरवाल ने कहा कि यह उपलब्धि छात्रा की मेहनत, अनुशासन और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

### आईटीआई में द्वितीय काउंसलिंग के तहत दाखिले की अंतिम तिथि 31 जुलाई



**महेंद्रगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए द्वितीय काउंसलिंग के तहत प्रवेश प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। संस्थान प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि द्वितीय काउंसलिंग के अंतर्गत जिन अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित हुई हैं, उन्हें 31 जुलाई 2026 तक हर हाल में अपने मूल दस्तावेजों का सत्यापन (वेरिफिकेशन) कराना होगा। निर्धारित तिथि तक दस्तावेजों का सत्यापन और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की आवंटित सीट स्वतः निरस्त कर दी जाएगी। आईटीआई इंचार्ज संदीप यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि द्वितीय काउंसलिंग के तहत एनसीवीटी तथा एससीवीटी ट्रेडों में आवंटित सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में एनसीवीटी एवं एससीवीटी की कुल 120 आवंटित सीटों पर दाखिले की प्रक्रिया प्रगति पर है। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से अपील की कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और समय रहते संस्थान पहुंचकर अपने मूल प्रमाण-पत्रों का सत्यापन अवश्य करवा लें। यदि कोई अभ्यर्थी 31 जुलाई 2026 तक अपने दस्तावेज सत्यापित नहीं कराता है तो उसकी आवंटित सीट रद्द मानी जाएगी और उसे आगे प्रवेश का लाभ नहीं मिल पाएगा। इसलिए सभी पात्र अभ्यर्थियों को समय पर संस्थान पहुंचकर प्रवेश संबंधी सभी औपचारिकताएं पूरी करनी चाहिए।

**मूल दस्तावेजों का सत्यापन अनिवार्य**

### राम सेना का प्रदेश स्तरीय कार्यालय का उद्घाटन आज

**मंडी अटेली।** श्री राम सेना का प्रदेश स्तरीय कार्यालय का उद्घाटन समारोह 29 जुलाई को मंडी अटेली में होगा। डीएल डार्क लाइट फाउंडेशन के डायरेक्टर लोकेश गुवानी ने बताया कि अटेली के श्री कृष्ण चौक के समीप श्री राम सेना का हरियाणा प्रदेश कार्यालय के उद्घाटन पर आचार्य उजागर, लक्की राव सहित अटेली कस्बे सहित क्षेत्र के गणमान्य अन्य लोगों को समारोह में विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

## न्यूज डायरी

### बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन आज

**नारनौल।** बिजली निगम की इंजीनियर एसोसिएशन एवं विभिन्न कर्मचारी यूनियनों की संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर 29 जुलाई को सुबह 10 बजे नारनौल सर्किल कार्यालय में प्रदर्शन किया जाएगा। निगम कर्मचारी नेता इंद्रजीत यादव ने बताया कि प्रदर्शन के बाद उपायुक्त को मांगों संबंधी ज्ञापन सौंपा जाएगा। संघर्ष समिति ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की है।

### पूर्णिमा की रात दूधिया रोशनी बिखेरेगा बक मून

**नारनौल।** हरियाणा विज्ञान मंच के जिला संयोजक धर्मपाल शर्मा ने बताया की 29 जुलाई की रात आकाश प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण वाली होगी। इस पूर्णिमा को सबसे प्रतीक्षित चंद्र घटनाओं में से एक का दीदार होने जा रहा है। आषाढ़ मास का पूर्ण चंद्र यानी बक मून इस बार गुरु पूर्णिमा की शाम को नजर आने वाला है। दोहरी पहचान समेटे के मकर तारामंडल में चांद भारतीय समय अनुसार रात ठीक 8:06 पर पूरे शबाब पर रहेगा, जिसे सूर्यास्त के बाद नग्न आंखों से देखा जा सकेगा। वहीं, दूरबीन या बायनोकुलर कलर की मदद से चंद्रमा के क्रिएटर भी दिखाई देंगे। शर्मा ने बताया क्यों 29 जुलाई की रात दूधिया रोशनी बिखेरता हुआ पूर्ण चंद्र बक मून की शक्ल में नजर आने वाला है।

### ट्रॉले ने कार को मारी टक्कर, 3 घायल

**कनीना।** एनएच 152 डी पर दौंगड़ा अहीर के नजदीक सड़क हादसे में तीन व्यक्ति घायल हो गए। बताया जा रहा है कि एक तेज रफ्तार ट्राले ने कार को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार पलट गई। इस हादसे में कार सवार एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। पुलिस को दी शिकायत में कृष्ण कुमार वासी आकोदा ने बताया कि वह अपनी पत्नी राजबाला, भाई मुरारीलाल और पड़ोसी चालक पवन के साथ कार में सवार होकर बेवल रिश्तेदारी में जा रहे थे। दौंगड़ा के पास पहुंचे, तो पीछे से आ रहे ट्राले ने उनकी कार को टक्कर मार दी। जिससे वे घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल महेंद्रगढ़ दाखिल कराया। राजबाला के हाथ में फ्रैक्चर हो गया और भाई मुरारीलाल के गले की नसें क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने आरोपित वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### भैंस चोरी मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** निजामपुर क्षेत्र में भैंस चोरी मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए ने अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद आरोपित अजय निवासी गांव बायल, थाना निजामपुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपित को न्यायालय में पेश कर मामले में गहन पूछताछ एवं अन्य तथ्यों का पता लगाने के लिए पुलिस रिमांड की मांग की जाएगी।

### थनवास में गुरु पुर्णिमा महोत्सव आज

**नांगल चौधरी।** सांडेल आश्रम थनवास में गुरु पुर्णिमा महोत्सव 29 जुलाई को महंत उदयनारायण दास की अध्यक्षता में मनाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न गांवों के श्रद्धालुओं को सामाजिक कुरीतियां मिटाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। महंत उदनारायण दास ने बताया कि सुबह आठ बजे हवन में संपूर्ण आहुति डालकर गुरु महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। 10 बजे श्रद्धालूओं को प्रसाद वितरण तथा मंदिर में पूजा-अर्चना की प्रक्रिया आरंभ होगी। गायक कलाकार जयवीर भाटी, ज्ञानेंद्र सरदाना, मनोज चौधरी, पूजा शर्मा, अन्नू चौधरी गुरु-शिष्यों पर आधारित भजनोपदेश प्रस्तुत करेंगे।

### अधिकारियों को दिया दावे व आपत्तियां निपटाने का प्रशिक्षण

**नारनौल।** भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशा-निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के दौरान मांगी जाने वाली दावे व आपत्तियों का निपटान करने में क्या सावधानियां बरती जानी है, इसी विषय को लेकर मंगलवार को पंचायत भवन में तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी, अतिरिक्त सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी तथा सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एसडीएम अनिरुद्ध यादव, महेंद्रगढ़ एसडीएम योगेश सैनी व कनीना एसडीएम व अटेली के ईआरओ की देखरेख में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर साकेत कुमार ने अधिकारियों और पुनरीक्षण कार्य में लगे स्टाफ को बारीकी से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई से 30 अगस्त तक मतदाता सूची के संबंध में दावे और आपत्तियां प्राप्त करने का काम किया जाएगा।

### बीआर ज्ञानदीप स्कूल में नृत्य गतिविधि



**महेंद्रगढ़।** बीआर ज्ञानदीप स्कूल परिसर में कक्षा प्रथम से तृतीय तक के विद्यार्थियों के लिए विशेष नृत्य गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। विभिन्न गीतों पर बच्चों द्वारा दी गई आकर्षक एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। नृत्य प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में कक्षा द्वितीय डायमंड की रिद्धि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा द्वितीय गोल्ड के जियांशी ग्रुप एवं पारी ग्रुप ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कक्षा प्रथम के कनक ग्रुप एवं कक्षा तृतीय डायमंड की नायरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में कक्षा तृतीय गोल्ड के हर्ष ग्रुप एवं कक्षा द्वितीय गोल्ड के आयांश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा द्वितीय डायमंड के यश ने द्वितीय स्थान तथा कक्षा प्रथम के धवन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

**हरियाणा उदय कार्यक्रम** | **हाफ मैराथन को लेकर डीसी ने लिया रूट का जायजा**

**हाफ मैराथन : अब तक 43900 पंजीकरण**

# 5 किमी दौड़ के लिए 43,281 और 10 किमी के लिए 619 पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगवाई में चल रहे नशा मुक्त हरियाणा अभियान-2026 और हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत नौ अगस्त (रविवार) को जिले में होने वाली हाफ मैराथन दौड़ की तैयारियों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त अनुपमा अंजली ने आईटीआई मैदान का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ रूट का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने पूरे रूट पर अधिकारियों को साथ लेकर साफ सफाई व सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि 10 किलोमीटर की दौड़ जीतने वाले महिला व पुरुष प्रतिभागियों के लिए एक-एक लाख रुपये का पहला इनाम रखा गया है। दूसरे स्थान पर रहने वाले धावक को 50-50 हजार और तीसरे स्थान वाले को 25-25 हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पांच किलोमीटर की दौड़ में हिस्सा लेने वाले हर प्रतिभागी का हौसला बढ़ाने के लिए मेडल दिया जाएगा, जबकि इसमें पहले तीन स्थानों पर आने वाले विजेताओं को मुख्यमंत्री स्वयं ट्रॉफी देकर सम्मानित करेंगे। उन्होंने बताया कि यह दौड़ नौ अगस्त को सुबह ठीक सात बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) से शुरू होगी। पांच किलोमीटर की दौड़ में कोई फीस नहीं है, जबकि 10 किलोमीटर के लिए 100 रुपये पंजीयन शुल्क तय किया गया है।


नारनौल। हाफ मैराथन रूट पर निरीक्षण करती डीसी अनुपमा अंजली।

### मुहिम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें

उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बताया कि इस आयोजन को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह है और पंजीकरण का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। हाफ मैराथन के लिए अब तक कुल पंजीकरण 43,900 हुआ है। इसमें पांच किलोमीटर दौड़ के लिए 43,281 तथा 10 किलोमीटर दौड़ के लिए 619 धावकों ने पंजीकरण कराया है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों और खेल प्रेमियों से इस मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। इच्छुक लोग पोर्टल पर जाकर आसानी से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसके लिए जिला महेंद्रगढ़ की ऑफिशल वेबसाइट पर लिंक दिया गया है।